यू.पी.एस.आई. मुख्य परीक्षा, 2014

सभी प्रश्नों का मिलान उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी अंतिम उत्तर पत्रक से किया गया है। मात्र एक प्रश्न (प्रश्न संख्या-2) का उत्तर इस उत्तर पत्रक से भिन्न है जिसका उल्लेख कर दिया गया है।

1. योजना आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

(a) राष्ट्रपति (b) गृह मंत्री
(c) प्रधानमंत्री (d) उपराष्ट्रपति

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

भारत का प्रधानमंत्री योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष होता है। 15 मार्च, 1950 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित प्रस्ताव के द्वारा योजना आयोग की स्थापना की गई थी।

2. राष्ट्रपति एक अध्यादेश जारी कर सकता है, जब उसका समाधान हो जाता है कि तत्काल कार्यवाही किया जाना आवश्यक है:

(a) किंतु संसद का केवल एक सदन सत्र में हो।
(b) संसद के दोनों सदन सत्र में हों।
(c) कोई भी सदन सत्र में नहीं है।
(d) उपरोक्त में या तो (a) या (c) में उल्लिखित परिस्थितियां हों।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

राष्ट्रपति उस समय अध्यादेश जारी करता है, जब संसद सत्र में नहीं होती और कोई कानून बनाना जरूरी होता है। अनुच्छेद 123 के अनुसार यदि संसद के दोनों सदनों का या किसी एक का भी अधिवेशन नहीं चल रहा हो तो राष्ट्रपति अध्यादेश जारी कर सकता है।

नोट : उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने अपने अंतिम उत्तर पत्रक में भी इस प्रश्न का उत्तर (c) दिया है जो उचित प्रतीत नहीं हो रहा है।

3. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 'समुचित पर्यावरण' के अधिकार को किस मौलिक अधिकार में शामिल माना गया?

(a) समता के अधिकार।
(b) प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता।
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार।
(d) संस्कृति व शिक्षा संबंधी अधिकार।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

सर्वोच्च न्यायालय ने 'समुचित पर्यावरण' के अधिकार को 'प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता' (अनुच्छेद 21) में शामिल माना है। वर्ष 1978 में, मेनका गांधी बनाम भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 21 के अंतर्गत 'जीवन का अर्थ मात्र एक जीव के अस्तित्व' से कहीं अधिक है। इसमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार तथा वे सब पहलू जो जीवन को 'अर्थपूर्ण', 'पूर्ण' तथा 'जीने योग्य' बनाते हैं, शामिल हैं। इसके बाद की न्यायिक व्याख्याओं ने अनुच्छेद 21 के अंदर अनेक अधिकारों को शामिल करते हुए इसकी सीमा का विस्तार किया है, जिनमें शामिल हैं-आजीविका, स्वच्छ पर्यावरण, अच्छा स्वास्थ्य, अदालतों में त्वरित सुनवाई तथा कैद में मानवीय व्यवहार से संबंधित अधिकार।

4. साइबर अपराध में क्या शामिल है?

(a) कंप्यूटर के माध्यम से छल।
(b) कंप्यूटर के माध्यम से बौद्धिक संपदा संबंधी अधिकार
(c) इंटरनेट के माध्यम से किसी की एकांतता भंग करना।
(d) उपरोक्त सभी।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

कोई भी आपराधिक कृत्य जो कंप्यूटर अथवा संचार साधनों से जुड़ा है, साइबर अपराध की श्रेणी में आता है। उदाहरण के लिए कंप्यूटर के माध्यम से वित्तीय धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, हैकिंग, अश्लील संदेश संप्रेषण, टेलीफोन तकनीक का दुरुपयोग, राष्ट्र विरोधी गतिविधियां, वायरस का फैलाव, कंपनी नीति के विरुद्ध गतिविधि, कंप्यूटर नेटवर्क पर आक्रमण, पोर्नोग्राफी को प्रोत्साहन, आंतरिक और गुप्त सूचनाओं की चोरी, बौद्धिक संपदा की चोरी आदि गतिविधियां व कार्यकलाप साइबर अपराध की श्रेणी में आते हैं।

5. संविधान संशोधन के लिए आवश्यक है-

(a) संसद के प्रत्येक सदन के सदस्यों का बहुमत।
(b) संसद के प्रत्येक सदन में उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।
(c) उपरोक्त (a) एवं (b) दोनों।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

संविधान में संशोधन का आरंभ संसद के किसी भी सदन में इस प्रयोजन के लिए विधेयक पुरःस्थापित करके ही किया जा सकेगा और जब वह विधेयक प्रत्येक सदन में उस सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा तथा उस सदन के उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम से कम दो-तिहाई बहुमत द्वारा पारित कर दिया जाता है, तब वह राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो विधेयक को अपनी अनुमति देगा और तब संविधान उस विधेयक के निबंधनों के अनुसार संशोधित हो जाएगा।

6. भारत की नागरिकता निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्राप्त की जा सकती है?

(a) जन्म से (b) वंशानुक्रम से

(c) देशीकरण से (d) इन सभी से

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

संविधान के अनुच्छेद 5 के अनुसार, भारत की नागरिकता जन्म से, वंशानुक्रम से तथा देशीकरण से प्राप्त की जा सकती है।

7. विश्व पर्यावरण दिवस की तिथि है-

(a) 5 जून (b) 14 जून

(c) 2 अक्टूबर (d) 15 जुलाई

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

'विश्व पर्यावरण दिवस' 5 जून को मनाया जाता है।

8. संसद व विधान सभाएं जिन विषयों पर कानून बना सकती हैं उनका उल्लेख किस अनुसूची में है?

(a) प्रथम (b) द्वितीय

(c) सप्तम (d) नवम

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

संविधान के अनुच्छेद 264 में वर्णित सातवीं अनुसूची के संघ सूची, राज्य सूची तथा समवर्ती सूची के विभिन्न विषयों पर संसद व विधान सभाएं कानून बना सकती हैं।

9. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 लागू होता है-

(a) संपूर्ण भारतवर्ष में।

(b) जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त संपूर्ण भारत में।

(c) जम्मू-कश्मीर और पंजाब के अतिरिक्त संपूर्ण भारत में।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त संपूर्ण भारत में लागू होता है।

10. लोकहित वाद दायर किया जा सकता है-

(a) किसी भी व्यक्ति द्वारा।

(b) जिसके मूल अधिकारों का अतिक्रमण हुआ है।

(c) किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा

(d) सरकार द्वारा।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

भारत में लोकहित अथवा जनहित याचिका (वाद) में न्यायालय को किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा सूचित करने पर न्यायालय स्वयं उसकी जांच कराकर या वस्तुस्थिति को देखकर जनहित में निर्णय देता है।

11. 'पर्यावरण प्रदूषण' से क्या अभिप्राय है?

(a) ऐसा ठोस पदार्थ जो ऐसी सांद्रता में विद्यमान है जो पर्यावरण के लिए क्षतिकर हो सकता है या जिसका क्षतिकर होना संभाव्य है।

(b) ऐसा द्रव जो ऐसी सांद्रता में विद्यमान है जो पर्यावरण के लिए क्षतिकर हो सकता है या जिसका क्षतिकर होना संभाव्य है।

(c) ऐसा गैसीय पदार्थ जो ऐसी सांद्रता में विद्यमान है जो पर्यावरण के लिए क्षतिकर हो सकता है या जिसका क्षतिकर होना संभाव्य है।

(d) उपरोक्त सभी 'पर्यावरण प्रदूषक' है।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

पर्यावरण प्रदूषण में ठोस, द्रव तथा गैसीय प्रदूषण सभी सम्मिलित होते हैं क्योंकि भूमि, जल तथा वायु तीनों ही पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। अतः विकल्प (d) सही उत्तर है।

12. राम गुस्से में श्याम को मारने का प्रयत्न करता है, श्याम को ऐसी स्थिति में प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार भारतीय दंड संहिता की किस धारा में होगा?

(a) धारा 97 (b) धारा 98

(c) धारा 100 (d) धारा 96

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय दंड संहिता की धारा 97 के तहत किसी व्यक्ति को शरीर के प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त है। धारा 96 में प्राइवेट प्रतिरक्षा संबंधी अधिकार को परिभाषित किया गया है। धारा 98 में ऐसे व्यक्ति के कार्य के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार प्राप्त है जो **विकृतचित्त** आदि हो। धारा 100 में शरीर के प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार प्राप्त है।

13. निम्न में से किसे संविधान की कुंजी की संज्ञा दी गई है?

(a) मौलिक अधिकार (b) नीति निदेशक तत्व

(c) उद्देशिका (d) मौलिक कर्त्तव्य

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

भारत के संविधान के आरंभ में उद्देशिका का वर्णन किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) के वाद में उद्देशिका को न केवल संविधान का एक भाग माना था बल्कि न्यायालय ने यह भी कहा था कि उद्देशिका संविधान की अनेक अस्पष्टताओं को सुलझाने की कुंजी भी है।

14. इनमें से कौन-सी सेवा अखिल भारतीय सेवा मानी जाती है?

(a) भारतीय वन सेवा। (b) भारतीय कृषि सेवा।

(c) भारतीय उद्योग सेवा (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय सेवाओं के अंतर्गत तीन सेवाओं को शामिल किया गया है-

1. भारतीय प्रशासनिक सेवा, 2. भारतीय वन सेवा,

3. भारतीय पुलिस सेवा।

15. किशोर न्याय अधिनियम, 2000 में जिन बच्चों पर कोई अपराध किए जाने का आरोप है, उन्हें कहा गया है :

(a) अपचारित किशोर।

(b) संरक्षा की आवश्यकता वाला किशोर।

(c) विधि संघर्षित किशोर

(d) बाल अपराधी

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 में जिन बच्चों पर कोई अपराध किए जाने का आरोप है, उन्हें ''विधि संघर्षित किशोर'' या ''विधि का उल्लंघन करने वाला किशोर'' कहा गया है।

नोट : उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने प्रारंभ में इस प्रश्न का उत्तर (b) दिया था किंतु अंतिम उत्तर पत्रक में बदल कर सही उत्तर (c) कर दिया है।

16. किस शिक्षण संस्था में धार्मिक शिक्षा दी जा सकती है?

(a) राजकीय विद्यालय।

(b) राजकीय महाविद्यालय।

(c) राज्य द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालय।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

संविधान के अनुच्छेद 28 (1) के अनुसार, राज्य-निधि से पोषित किसी शिक्षा संस्था में कोई धार्मिक शिक्षा नहीं दी जाएगी।

17. नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत निम्नलिखित में लागू होते हैं:

(a) प्रशासनिक कार्यवाहियों में।

(b) अर्धन्यायिक कार्यवाहियों में।

(c) न्यायिक कार्यवाहियों में।

(d) उपरोक्त लिखित प्रत्येक कार्यवाही में।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत प्रशासनिक, अर्धन्यायिक तथा न्यायिक इन तीनों कार्यवाहियों में लागू होते हैं।

18. एक नागरिक द्वारा सभा करने के अधिकार का प्रयोग किया जा सकता है, बशर्ते कि-

(a) सभा शांतिपूर्ण है (b) सभा शांतिविहीन है

(c) दोनों (a) और (b) (d) न तो (a) और न (b)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार में अनुच्छेद 19 (ख) के अंतर्गत शांतिपूर्ण और निरायुध सम्मेलन का अधिकार नागरिकों को प्रदान किया गया है।

19. अध्यक्ष की अनुपस्थिति में लोक सभा की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है?

(a) राष्ट्रपति (b) उपराष्ट्रपति

(c) उपसभापति (d) प्रधानमंत्री

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(*)

अनुच्छेद 95 (2) के अनुसार, लोक सभा की किसी बैठक से अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष या यदि वह भी अनुपस्थित है तो ऐसा व्यक्ति, जो लोक सभा की प्रक्रिया के नियमों द्वारा अवधारित किया जाए, या यदि ऐसा कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं है तो ऐसा अन्य व्यक्ति, जो लोक सभा द्वारा अवधारित किया जाए अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा।

नोट : विकल्प में उपाध्यक्ष शब्द न होने के कारण उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने इस प्रश्न को निरस्त कर दिया है।

20. अंतर्राष्ट्रीय विधि के क्षेत्र हैं :

(a) अंतर्राष्ट्रीय संधियां (b) अंतर्राष्ट्रीय रूढ़ियां

(c) न्यायिक विनिश्चय (d) उपरोक्त सभी

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

अंतर्राष्ट्रीय संधियां, अंतर्राष्ट्रीय रूढ़िया (परंपराएं) तथा न्यायिक विनिश्चिय (Judicial decision) अंतर्राष्ट्रीय विधि के आधार हैं।

21. जनहित याचिका को किस जनक्षति के संदर्भ में दायर किया जाता है?

(a) जन-कर्त्तव्यों के उल्लंघन से संबंधित क्षति।

(b) संविधान के प्रावधानों के उल्लंघन से हुई जनक्षति।

(c) कानून के उल्लंघन से हुई जनक्षति।

(d) उपरोक्त सभी।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

जो भी मामला निजी न होकर व्यापक जनहित से जुड़ा हो उसके संदर्भ में दाखिल याचिका को जनहित याचिका के तौर पर देखा जाता है। जनहित याचिका डालने वाले व्यक्ति या संस्था को यह बताना होता है कि कैसे उस मामले में आम लोगों का हित प्रभावित हो रहा है। दायर की गई याचिका 'जनहित' है या नहीं, इसका फैसला कोर्ट ही करता है। सभी प्रकार के मामलों में जनहित याचिका दायर की जा सकती है चाहे वह जन-कर्त्तव्यों के उल्लंघन, संविधान के प्रावधानों के उल्लंघन तथा कानून के उल्लंघन से हुई जनक्षति से संबंधित हो।

22. आपातकाल के दौरान किस मौलिक अधिकार को अनुच्छेद 359 के अधीन राष्ट्रपति द्वारा निलंबित करने का अधिकार है?

(a) अनुच्छेद 19 (b) अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 14 (d) अनुच्छेद 20

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(*)

राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में राष्ट्रपति अनु. 359 के तहत आदेश जारी कर अनु. 20 एवं 21 के अतिरिक्त अन्य मूल अधिकारों का कार्यान्वयन स्थगित कर सकते हैं। युद्ध या बाह्य आक्रमण की स्थिति में आपात घोषित हाने पर अनु. 19 भी स्थगित हो जाता है, परंतु ऐसा अनु. 358 के तहत स्वतः होता है। अतः प्रश्नानुसार विकल्प (a) एवं (c) दोनों सत्य है।

नोट : सटीक विकल्प न होने के कारण उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड ने इस प्रश्न को निरस्त कर दिया है।

23. संविधान के——के अधीन उच्च न्यायालय अपने अधीनस्थ समस्त न्यायालयों एवं अधिकरणों पर पर्यवेक्षण की शक्ति रखता है।

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 132
(c) अनुच्छेद 227 (d) अनुच्छेद 226

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

संविधान के अनुच्छेद 227 के अनुसार, प्रत्येक उच्च न्यायालय उन राज्यक्षेत्रों में सर्वत्र, जिनके संबंध में वह अपनी अधिकारिता का प्रयोग करता है, सभी न्यायालयों और अधिकरणों का अधीक्षण करेगा। अपनी इस शक्ति के प्रयोग में उच्च न्यायालय-(क) ऐसे न्यायालयों से विवरणी मंगा सकेगा; (ख) ऐसे न्यायालयों की पद्धति और कार्यवाहियों के विनियमन के लिए साधारण नियम और प्रारूप बना सकेगा और निकाल सकेगा तथा विहित कर सकेगा; और (ग) किन्हीं ऐसे न्यायालयों के अधिकारियों द्वारा रखी जाने वाली पुस्तकों, प्रविष्टियों और लेखाओं के प्रारूप विहित कर सकेगा।

24. लोक सभा का सदस्य बनने के लिए क्या अर्हता आवश्यक है?

(a) उसका नाम संबंधित राज्य की मतदाता सूची में ही दर्ज हो।
(b) उसका नाम भारत में कहीं भी मतदाता सूची में दर्ज हो।
(c) वह न्यूनतम 30 वर्ष का हो।
(d) वह पढ़ा-लिखा हो।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

लोक सभा का सदस्य होने के लिए किसी व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए, उसे 25 वर्ष से कम आयु का नहीं होना चाहिए तथा अन्य ऐसी अर्हताएं होनी चाहिए, जो संसद द्वारा निर्धारित की जाएं या इसके द्वारा बनाए गए कानून द्वारा निर्धारित की जाएं (अनु. 84)।

25. साधारण विधेयक किस सदन में पहले प्रस्तुत किया जाता है?

(a) लोक सभा में (b) राज्य सभा में
(c) किसी भी सदन में (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

अनुच्छेद 107 विधेयकों के पुरःस्थापन और पारित किए जाने के संबंध में उपबंध करता है। अनु.107 (1) के अनुसार, धन विधेयकों और अन्य वित्त विधेयकों के संबंध में अनु. 109 (धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया) तथा अनु. 117 (वित्त विधेयकों के बारे में विशेष उपबंध) के उपबंधों के अधीन रहते हुए, कोई विधेयक (साधारण विधेयक) संसद के किसी सदन में आरंभ हो सकेगा। धन विधेयक तथा अन्य वित्तीय विधेयक केवल लोक सभा में पेश किए जा सकते हैं।

26. मानवाधिकारों का प्रथम सम्मेलन (अंतर्राष्ट्रीय) किस देश में आयोजित किया गया था?

(a) वियना (b) तेहरान
(c) वाशिंगटन डी सी (d) बगदाद

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

मानवाधिकारों का प्रथम सम्मेलन (अंतर्राष्ट्रीय) तेहरान, ईरान में अप्रैल-मई, 1968 के दौरान मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 20वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया गया था।

27. भारत में प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है?

(a) मंत्रिपरिषद (b) उपराष्ट्रपति
(c) राष्ट्रपति (d) भारत के नागरिक

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

अनुच्छेद 75 (1) के अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति करेगा और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर करेगा।

28. निम्न में से किस राज्य में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम का विस्तार नहीं है?

(a) गुजरात (b) जम्मू और कश्मीर
(c) महाराष्ट्र (d) तेलंगाना

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 का विस्तार जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर संपूर्ण भारत पर है। यह देश की सुरक्षा के लिए सरकार को अधिक शक्ति देने से संबंधित एक कानून है। यह कानून केंद्र और राज्य सरकार को संदिग्ध व्यक्ति की गिरफ्तारी का आदेश (शक्ति) देता है।

29. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष कौन होता है?

(a) उच्चतम न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश।

(b) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश।

(c) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश

(d) प्रधानमंत्री।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष उच्चतम न्यायालय का पूर्व मुख्य न्यायाधीश होता है। वर्तमान में पूर्व मुख्य न्यायाधीश के.सी. बालाकृष्णन इस आयोग के अध्यक्ष हैं। भारत का राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त विधिक संस्था है। इसकी स्थापना 12 अक्टूबर, 1993 को हुई थी।

30. सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सूचना मांगने पर कितने समय में सूचना उपलब्ध कराना आवश्यक है?

(a) 30 दिन

(b) 45 दिन

(c) 60 दिन

(d) कभी भी।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लोक सूचना अधिकारी आवेदन प्राप्त करने के पश्चात यथाशीघ्र किंतु 30 दिन के भीतर विहित शुल्क के भुगतान पर या तो सूचना देगा अथवा धारा 8 और 9 के अंतर्गत विहित कारणों के आधार पर इंकार कर देगा। किंतु जहां सूचना किसी व्यक्ति के प्राण एवं स्वतंत्रता से संबंधित है उसे आवेदन के पश्चात 48 घंटे के भीतर प्रदान कर दिया जाना चाहिए।

31. निम्न में से किसमें सूचना के प्रदान किए जाने से छूट है?

(a) ऐसी सूचना जिसके प्रकटन से भारतीय संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

(b) राज्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

(c) रणनीति, वैज्ञानिक या आर्थिक हित में ना हो।

(d) उपरोक्त सभी।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

सूचना का अधिकार अधिनियम, भारत की संसद द्वारा पारित एक कानून है जो 12 अक्टूबर, 2005 को लागू हुआ। इस अधिनियम के तहत ऐसी सूचना प्रदान करने की मनाही है जिससे राज्य सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, ऐसी सूचना जिसके प्रकटन से भारतीय संप्रभुता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े, रणनीति, वैज्ञानिक या आर्थिक हित में ना होने वाली सूचना हो।

32. राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980, के अंतर्गत हिरासत की अधिकतम अवधि क्या है?

(a) बारह महीने (b) छः महीने

(c) तीन महीने (d) तीस दिन

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के अंतर्गत यदि गिरफ्तारी के कारण पर्याप्त साबित हो जाते हैं तो व्यक्ति को गिरफ्तारी की अवधि से एक साल (बारह महीने) तक हिरासत में रखा जा सकता है। समयावधि पूरा होने से पहले न तो सजा समाप्त की जा सकती है और न ही उसमें फेरबदल हो सकता है।

33. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद उच्चतम न्यायालय की स्थापना करता है?

(a) अनुच्छेद 141

(b) अनुच्छेद 145

(c) अनुच्छेद 124

(d) इनमें से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 124 'उच्चतम न्यायालय की स्थापना और गठन' संबंधी उपबंध करता है जिसके अनुसार, भारत का एक उच्चतम न्यायालय होगा जो भारत के मुख्य न्यायाधीश और जब तक संसद विधि द्वारा अधिक संख्या विहित नहीं करती है तब तक तीस से अधिक अन्य न्यायाधीशों से मिलकर बनेगा।

34. दहेज लेना एवं देना किस विधि के अंतर्गत अपराध है?

(a) दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961

(b) घरेलू हिंसा अधिनियम

(c) भारतीय दंड संहिता।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

दहेज लेना तथा देना 'दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961' के अंतर्गत अपराध है।

35. किस मामले में आत्मरक्षा का अधिकार उपलब्ध नहीं होगा?

(a) लोक सेवक द्वारा किया गया कार्य।

(b) आपराधिक अतिचार को रोकने में।

(c) जंगम संपत्ति की रक्षा में।

(d) उपरोक्त सभी में।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय दंड संहिता की धारा 99 ऐसे कार्यों के संबंध में उपबंध करती है जिनके विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा (आत्मरक्षा) का कोई अधिकार नहीं है। इस धारा के अनुसार, यदि कोई कार्य जिससे मृत्यु या घोर उपहति की आशंका युक्तियुक्त रूप से कारित नहीं होती, सद्भावपूर्वक अपने पदाभास में कार्य करते हुए लोक सेवक द्वारा किया जाता है या किए जाने का प्रयत्न किया जाता है तो उस कार्य के विरुद्ध प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं है, चाहे वह कार्य विधि अनुसार सर्वथा न्यायानुमत न भी हो। यदि ऐसा कोई कार्य या प्रयत्न लोक सेवक के निदेश से किया जाता है तो भी प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं होगा। ऐसी दशाओं में जिनमें संरक्षा के लिए लोक प्राधिकारियों की सहायता प्राप्त करने के लिए समय है, प्राइवेट प्रतिरक्षा का कोई अधिकार नहीं होगा।

36. किसी जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में अधिसूचित करने का अधिकार किसे है?

(a) संसद (b) विधानसभा

(c) राष्ट्रपति (d) सर्वोच्च न्यायालय

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

किसी जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में अधिसूचित करने का अधिकार राष्ट्रपति को है [अनुच्छेद 341(1)]।

37. आत्म रक्षा का अधिकार है-

(a) अपने शरीर के प्रति अपराध से प्रतिरक्षा।

(b) दूसरे के शरीर की प्रतिरक्षा।

(c) चोरी, लूट आदि अपराध से प्रतिरक्षा।

(d) उपरोक्त सभी।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

भारतीय दंड संहिता की धारा 96 के अनुसार, कोई बात अपराध नहीं है, जो प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में की जाती है। भारतीय दंड संहिता की धारा 96 से धारा 106 प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार के विषय में उपबंध करती हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 97 के अनुसार, हर व्यक्ति को अधिकार है कि वह-

पहला-मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले किसी अपराध के विरुद्ध अपने शरीर और किसी अन्य व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा करे;

दूसरा- किसी ऐसे कार्य के विरुद्ध जो चोरी, लूट, रिष्टि या आपराधिक अतिचार की परिभाषा में आने वाला अपराध है या इन अपराधों को करने का प्रयत्न है, अपनी या किसी अन्य व्यक्ति की चाहे जंगम, चाहे स्थावर संपत्ति की प्रतिरक्षा करे। इस प्रकार स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही उत्तर है।

38. ''भारत एक गणतंत्र है'' इसका अर्थ है:

(a) सभी मामलों में अंतिम अधिकार जनता के पास है।

(b) भारत में संसदीय शासन व्यवस्था है।

(c) भारत में वंशानुगत शासन नहीं है।

(d) भारत राज्यों का संघ है।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

''भारत एक गणतंत्र है'' इसका अर्थ है कि भारत में वंशानुगत राजा की परंपरा का अंत हो गया है। भारत का राजाध्यक्ष जनता का अप्रत्यक्ष चुना हुआ प्रतिनिधि होता है। भारत का राष्ट्रपति एक निश्चित अवधि (5 वर्ष) के लिए चुना जाता है। देश की समस्त कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति में निहित होती है, किंतु वह उसका प्रयोग मंत्रिमंडल के परामर्श से करता है।

39. राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है:

(a) अनुच्छेद 213 में (b) अनुच्छेद 123 में

(c) अनुच्छेद 313 में (d) अनुच्छेद 413 में

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

अनु. 213 के अंतर्गत राज्यपाल को भी राष्ट्रपति की ही भांति अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है। अनु. 213 यह उपबंधित करता है कि जब राज्य का विधान मंडल सत्र में नहीं है और राज्यपाल को इस बात का समाधान हो जाता है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनमें तुरंत कार्यवाही करना अपेक्षित है, तो वह ऐसे अध्यादेशों को जारी कर सकेगा जो परिस्थितियों में आवश्यक प्रतीत हों। जिन राज्यों में दो सदन हैं वहां दोनों सदनों को सत्र में नहीं होना चाहिए। अध्यादेश जारी करने के लिए परिस्थितियां हैं या नहीं, इस बात पर अंतिम निर्णय राज्यपाल का होता है। न्यायालय में इसको चुनौती नहीं दी जा सकती है।

40. निम्नलिखित में से महिलाओं की सुरक्षा या कल्याण से संबंधित कौन सा अधिनियम पिछले दो वर्षों में पारित किया गया है?

(a) महिलाओं का अशिष्ट प्रतिरूपण (प्रतिषेध) अधिनियम।

(b) घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम।

(c) कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम)।

(d) कारखाना अधिनियम।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

महिलाओं की सुरक्षा या कल्याण से संबंधित, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) विधेयक, 2012 को लोकसभा द्वारा 3 सितंबर, 2012 को तथा राज्य सभा द्वारा 26 फरवरी, 2013 को पारित किया गया। इस विधेयक को 23 अप्रैल, 2013 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के पश्चात यह 'कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न' (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के रूप में 9 दिसंबर, 2013 को लागू हुआ।

41. भारतीय संविधान में कितने मूल कर्त्तव्य दिए गए हैं?

(a) 10 (b) 11

(c) 12 (d) 9

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

26 जनवरी, 1950 को लागू संविधान में मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख नहीं था। मूल कर्त्तव्यों का संविधान में समावेश स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के अनुसार 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा किया गया। प्रारंभ में मूल कर्त्तव्यों की संख्या 10 थी परंतु 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा अनु. 51-क (मूल कर्त्तव्य) में एक नया खंड (ट) अंत:स्थापित किया गया। इस प्रकार वर्तमान में मूल कर्त्तव्यों की संख्या 11 है।

42. साइबर अपराध में दंड का प्रावधान किस विधि के अंतर्गत दिया गया है?

(a) सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम

(b) सूचना का अधिकार अधिनियम।

(c) भारतीय दंड संहिता।

(d) इनमें से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

साइबर अपराध में दंड का प्रावधान 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (Information Technology Act.) 2000' के अंतर्गत दिया गया है।

43. समवर्ती सूची के अंतर्गत विषयों पर किसे विधि बनाने का अधिकार है?

(a) संघ (b) राज्य

(c) संघ एवं राज्य दोनों को (d) राष्ट्रपति

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

समवर्ती सूची में उल्लिखित विषयों पर केंद्र और राज्य दोनों विधि बना सकते हैं। किंतु दोनों सरकारों द्वारा बनाई गई विधियों में विरोध (Conflict) होने पर केंद्रीय विधि राज्य की विधि पर अभिभावी होगी। संविधान निर्माताओं ने देश की मुख्य विधियों में एकरूपता और शक्ति-विभाजन की कठोरता को कम करने की दृष्टि से समवर्ती सूची को संविधान में जोड़ा है।

44. महिला की लज्जा भंग करने संबंधी हमला दंडनीय है-

(a) भारतीय दंड संहिता में।

(b) दंड प्रक्रिया संहिता में।

(c) भारतीय संविधान में।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के अनुसार, जो कोई किसी स्त्री की लज्जा भंग करने के आशय से या यह संभाव्य जानते हुए कि तद्द्वारा वह उसकी लज्जा भंग करेगा, उस स्त्री पर हमला करेगा या आपराधिक बल का प्रयोग करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से, या दोनों से दंडित किया जाएगा।

45. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 संबंधित है-

(a) धर्म की स्वतंत्रता से

(b) निजी स्वतंत्रता से

(c) आर्थिक समानता से

(d) सामाजिक स्वतंत्रता से

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय संविधान का अनु. 25 ''अंत:करण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार करने की स्वतंत्रता'' (धर्म की स्वतंत्रता) संबंधी प्रावधान करता है।

46. भारत की केंद्रीय मंत्रिपरिषद उत्तरदायी है-

(a) राष्ट्रपति के प्रति (b) प्रधानमंत्री के प्रति

(c) लोक सभा के प्रति (d) सर्वोच्च न्यायालय के प्रति

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

अनु. 74 (1) के अनुसार, राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा। अनु.75 (3) के अनुसार, मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होगी।

47. प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार किससे संबंधित है?

(a) शरीर से। (b) संपत्ति से।

(c) शरीर व संपत्ति दोनों से। (d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

भारतीय दंड संहिता की धारा 97 के अनुसरण में, प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार शरीर व संपत्ति दोनों से संबंधित है।

48. दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित है-

(a) असंज्ञेय अपराध से।

(b) केवल संज्ञेय अपराध से

(c) असंज्ञेय अथवा संज्ञेय अपराध से।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अधीन प्रथम सूचना रिपोर्ट केवल संज्ञेय अपराध से संबंधित है जबकि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 155 'असंज्ञेय अपराध के विषय में इत्तिला और ऐसे मामलों का अन्वेषण' से संबंधित है।

49. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद मौलिक अधिकारों का संवैधानिक उपचार प्रदान करता है?

(a) अनुच्छेद 32 (b) अनुच्छेद 136
(c) अनुच्छेद 14 (d) अनुच्छेद 142

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों का संवैधानिक उपचार प्रदान करता है। इस अनुच्छेद के प्रावधानानुसार, मौलिक अधिकारों को प्रवर्तित कराने के लिए समुचित कार्यवाहियों द्वारा उच्चतम न्यायालय में समावेदन करने का अधिकार प्रत्याभूत किया जाता है। इस संबंध में उच्चतम न्यायालय को ऐसे निदेश, आदेश या रिट, जिनके अंतर्गत बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-पृच्छा और उत्प्रेषण रिट हैं, जो भी समुचित हो, निकालने की शक्ति होगी।

50. भारत के राष्ट्रपति को हटाने की प्रक्रिया है:

(a) संसद में महाभियोग।
(b) प्रधानमंत्री द्वारा महाभियोग।
(c) उपराष्ट्रपति द्वारा महाभियोग।
(d) इनमें से कोई नहीं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारत के राष्ट्रपति को संविधान का अतिक्रमण करने पर अनु.61 में उपबंधित रीति से किए गए महाभियोग द्वारा पद से हटाया जा सकता है। अनु.61 के अनुसार, राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप संसद के किसी भी सदन द्वारा लगाया जा सकता है, लेकिन ऐसा कोई भी आरोप तब तक नहीं लगाया जाएगा जब तक कि- (1) प्रस्तावित आरोप एक संकल्प के रूप में न हो; (2) जो कि कम से कम 14 दिन की लिखित सूचना देने के बाद न प्रस्तुत किया गया हो; (3) जिस पर सदन के एक-चौथाई सदस्यों ने हस्ताक्षर करके प्रस्तावित करने का तथ्य प्रकट न किया हो; (4) उस सदन की कुल सदस्य संख्या के कम-से कम 2/3 बहुमत द्वारा ऐसे संकल्प को पारित न कर दिया गया हो।

51. निम्नलिखित में कौन-सा एक इस अनुक्रम में नहीं आता?


2, 3, 5, 8, 12, 18, 23

(a) 8 (b) 12
(c) 23 (d) 18

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

दी गई श्रृंखला निम्न है



अतः संख्या 18 के स्थान पर संख्या $= 12 + 5$
$= 17$

अतः संख्या 18 गलत संख्या है।

52. राधिका का परिचय देते हुए बलराम ने कहा कि ''उसके पिताजी मेरे पिताजी के इकलौते पुत्र हैं।'' बलराम का राधिका के साथ क्या संबंध है?


(a) भाई (b) पिता
(c) चाचा (d) मामा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

प्रश्नानुसार राधिका के पिताजी बलराम के पिताजी के इकलौते पुत्र अर्थात स्वयं बलराम। अतः बलराम राधिका का पिता है।

53. निम्नलिखित आकृति में कितने त्रिभुज हैं?



(a) 12 (b) 8
(c) 16 (d) 15

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

एक आकृति वाले त्रिभुज की संख्या $= 6$
दो आकृति वाले त्रिभुज की संख्या $= 3$
तीन आकृति वाले त्रिभुज की संख्या $= 2$
चार आकृति वाले त्रिभुज की संख्या $= 1$
अतः कुल त्रिभुजों की संख्या $= 6 + 3 + 2 + 1$
$= 12$

प्रश्न संख्या 54 से 56 तक के लिए निर्देश :
यदि किसी भाषा में POSTER का कोड 234678 तथा MOON का कोड 5331 है, तो इस कोड के आधार पर दिए गए शब्दों के कोड बताएं।

54. SPORE

(a) 42387 (b) 42738
(c) 48372 (d) 42378

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

दिया है, P = 2, O = 3, S = 4, T = 6, E = 7, R = 8, M = 5, N = 1

$\therefore$ SPORE $\rightarrow$ 42387

55. POEM

(a) 2374 (b) 2734

(c) 2375 (d) 2357

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

दिया है, P = 2, O = 3, E = 7, M = 5

∴ POEM का सांकेतिक कूट = 2 3 7 5

56. TERMS

(a) 67854 (b) 67845

(c) 68745 (d) 68754

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

T = 6, E = 7, R = 8, M = 5, S = 4

∴ TERMS = 6 7 8 5 4

57. नीचे दिए गए अक्षरों को एक शब्द के रूप में व्यवस्थित करने पर निम्न में से कौन-सा शब्द बनेगा ?

a a d e f g r s u

(a) stagnation (b) safeguard

(c) grandson (d) pseudograde

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

a a d e f g r s u से
1 2 3 4 5 6 7 8 9

s a f e g u a r d शब्द बनेगा

8 1 5 4 6 9 2 7 3

58. किसी सांकेतिक भाषा में यदि CHAIR को EJCKT लिखा जाए तो उसी सांकेतिक भाषा में LIGHT को कैसे लिखा जायेगा ?


(a) KIJVN (b) NKIJV

(c) JVNKI (d) NIJVM


U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



59. यदि '÷'बड़े को, '×' जोड़ को, '+' भाग को, '–' बराबर को,'>' गुणा को, '=' छोटे को, '<' घटाने को दर्शाए जाएं तो निम्न में से कौन-सा कथन सही होगा ?

(a) $3+2<4\div6>3\times2$ (b) $3\times2<4\div6+3<2$

(c) $3>2<4-6\times3\times2$ (d) $3\times2\times4=6+3<2$

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

विकल्प A, $3\div2-4>6\times3+2$ गलत है।

$\frac{3}{2}-4>20$

$-5>20$

विकल्प B, $3+2-4>6\div3-2$

या $5-4>2-2$

$1>0$

अतः (b) विकल्प सही है।

60. नीचे दी गई अंक श्रृंखला में ऐसे कितने 6 हैं जिनके ठीक पहले 5 हैं लेकिन ठीक बाद में 7 नहीं है ?

5 6 7 2 5 6 4 9 2 7 6 7 4 3 5 6 8 6 4 9 5 6 7

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 3

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

दी गई श्रृंखला


5 6 7 2 5 6 4 9 2 7 6 7 4 3 5 6 8 6 4 9 5 6 7

इस श्रृंखला में दो 6 ऐसे हैं जिनके ठीक पहले 5 है लेकिन ठीक बाद में 7 नहीं है।


प्रश्न संख्या 61 और 62 तक के लिए निर्देश :

पहला समूह प्रश्न आकृतियों का तथा दूसरा समूह उत्तर आकृतियों का है। प्रश्न आकृति में दो जोड़े आकृतियां दी गई हैं। पहले जोड़े की आकृतियां जिस प्रकार एक दूसरे से संबंधित है उसी संबंध के आधार पर दूसरे जोड़े की आकृति निकालें ?

61. प्रश्न आकृतियां




उत्तर आकृतियां




U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014


उत्तर—(b)



62. प्रश्न आकृतियां



उत्तर आकृतियां



(a) (b) (c) (d)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

जिस प्रकार प्रश्न आकृति में एक दूसरे के विपरीत आंख दिशा का संबंध है ठीक उसी प्रकार विकल्प (d) का विपरीत आंख की दिशा होगी।

63. यदि CAT को 24 तथा SAD को 24 लिखा जाये तो SHE को क्या लिखा जाएगा?

(a) 23 (b) 33

(c) 22 (d) 32

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

वर्णमाला के क्रम के अनुसार लिखने पर

$C = 3, A = 1, T = 20$

$\therefore$ $CAT = 3 + 1 + 20$

$= 24$

तथा $SAD = 19 + 1 + 4 = 24$

उसी प्रकार $SHE = 19 + 8 + 5 = 32$

64. यदि $9 \times 3 + 8 = 24, 10 \times 2 + 7 = 35$ तथा $80 \times 40 + 3 = 6$ हो तो $12 \times 4 + 3 =$?

(a) 7 (b) 9

(c) 12 (d) 16

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

दिए गए प्रश्न में गुणा के चिह्न पर भाग किया गया है तथा जोड़ के चिह्न पर गुणा किया गया है। अर्थात्

$9 \times 3 + 8 = 9 \div 3 \times 8 = 24$

$10 \times 2 + 7 = 10 \div 2 \times 7 = 35$

तथा $80 \times 40 + 3 = 80 \div 40 \times 3 = 6$

इसी प्रकार

$12 \times 4 + 3 = 12 \div 4 \times 3 = 9$


65. एक आदमी का मुंह उत्तर-पश्चिम में है। वह 90^0 दक्षिणावर्त दिशा में तथा फिर 135^0 वामावर्त दिशा में घूमता है। अब उसका मुंह किस दिशा की ओर है ?

(a) उत्तर (b) पूर्व

(c) दक्षिण (d) पश्चिम

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)



उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है आदमी का मुंह अब पश्चिम दिशा की ओर है।

66. यदि किसी सांकेतिक भाषा में HOME को 2541, SHOP को 8256 तथा WORK को 9573 लिखा जाए, तो उसी भाषा में SMOKE को क्या लिखा जाएगा?

(a) 84531 (b) 85431

(c) 85413 (d) 84513

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

सांकेतिक भाषा में

$H = 2, O = 5, M = 4, E = 1, S = 8, P = 6, W = 9, R = 7, K = 3$

$\therefore$ SMOKE का सांकेतिक कोड = 84531

67. यदि 1 लीटर पानी का भार 1 किलोग्राम है तो 0.1 ग्राम पानी का आयतन कितने घन मिलीमीटर है ?

(a) 0.1 (b) 1

(c) 10 (d) 100

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

1 लीटर = 1 किग्रा.

1 लीटर = 1000 ग्राम

1 ग्राम = लीटर $\Rightarrow \frac{1}{10^3}$

1 ग्राम = 1 मिलीलीटर

.1 ग्राम = .1 मिलीलीटर होगा

$\therefore$ .1 ग्राम पानी का आयतन = $.1 \times 10^3$ घन मिलीमीटर।

$= 100$

68. Cricket : Game : : _____?_____

(a) Book : Read

(b) King : Rule

(c) Hindi : Language

(d) Constitution : Assembly

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार Cricket, Game (खेल) के अंतर्गत आता है। उसी प्रकार Hindi, Language (भाषा) के अंतर्गत आती है।

69. a b 4 5 C D 6 7 का जल प्रतिबिंब क्या है?

(a) a ρ ч २ CD ९ ১

(b) ঘ ρ ч २ CD ९ ১

(c) ঘ b ч २ CD ९ 7

(d) ঘ b ч २ CD ९ ১

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

a b 4 5 C D 6 7 का जलप्रतिविंब विकल्प (b) आकृति प्राप्त होती है।

70. दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनें।

J, K, M, P, T, ____?_____

(a) X (b) W

(c) Y (d) इनमें से कोई नहीं

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

दी गई श्रृंखला निम्न है–

J K M P T Y

+1 +2 +3 +4 +5

अतः श्रृंखला की अगली संख्या Y है।

71. एक व्यावसायिक सम्मेलन में 10 व्यक्तियों ने भाग लिया। सम्मेलन के अंत में प्रत्येक व्यक्ति ने प्रत्येक व्यक्ति से हाथ मिलाए। बताइए कि इस दौरान कुल कितने बार हाथ मिलाये गये?

(a) 120 (b) 45

(c) 55 (d) 90

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

n व्यक्तियों द्वारा मिलाये गये हाथों की संख्या $= \frac{n(n-1)}{2}$

$\therefore$ 10 व्यक्तियों द्वारा मिलाए गए हाथों की संख्या $= 10 \times \frac{(10-1)}{2}$

$= 10 \times \frac{9}{2} \Rightarrow 45$

प्रश्न संख्या 72 और 73 तक के लिए निर्देश :

दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?

72. (1) आवेदन (2) चयन

(3) परीक्षा (4) साक्षात्कार

(a) (1), (3), (4), (2) (b) (1), (2), (3), (4)

(c) (1), (4), (3), (2) (d) (1), (4), (2), (3)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

दिया गया सार्थक क्रम निम्न है।

आवेदन – परीक्षा – साक्षात्कार – चयन

(1) (3) (4) (2)

73. (1) तना (2) जड़

(3) फल (4) फूल

(5) शाखा (6) पत्ती

(a) (2), (1), (5), (6), (4), (3) (b) (4), (5), (6), (1), (3), (2)

(c) (1), (2), (4), (3), (5), (6) (d) (6), (4), (5), (3), (2), (1)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

दिया गया सार्थक क्रम निम्न है।

जड़ – तना – शाखा – पत्ती – फूल – फल

(2) (1) (5) (6) (4) (3)

74. एक फल विक्रेता के पास 24 किग्रा. सेब थे। इनमें से कुछ सेब उसने 20% लाभ पर तथा शेष 5% हानि पर बेच दिए। यदि कुल फलों पर उसे 10% लाभ हुआ हो, तो उसने कितने सेब हानि पर बेचे?

(a) 4.6 किग्रा. (b) 6 किग्रा.

(c) 9.6 किग्रा. (d) 11.4 किग्रा.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना 20% लाभ पर बेचे गए सेब $= x$ किग्रा.

$\therefore$ 5% हानि पर बेचे गए सेब $= 24-x$

प्रश्नानुसार,

$$x \times \frac{100+20}{100} + (24-x) \times \frac{100-5}{100} = 24 \times \left(\frac{100+10}{100}\right)$$

$$\frac{120x}{100} + \frac{(24-x) \times 95}{100} = \frac{24 \times 110}{100}$$

$120x + 24 \times 95 - 95x = 24 \times 110$

$25x = 24 \times 110 - 24 \times 95$

$= 24 \times 15$

$25x = 360$

$x = \frac{360}{25} \Rightarrow 14.4$

$\therefore$ 5% हानि पर बेचे गए सेब की मात्रा $= 24 - 14.4 \Rightarrow 9.6$ किग्रा.

75. चार मित्र A, B, C, D कुछ पैसा आपस में इस प्रकार बांटते हैं कि A को B से 1 रुपया कम मिलता है तथा C को D से 5 रुपये ज्यादा मिलते हैं तथा D को B से 3 रुपये ज्यादा मिलते हैं। किसको सबसे कम रुपये मिले ?

(a) D (b) C

(c) B (d) A

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

$A + 1 = B$ या $A < B$

$C - 5 = D = B + 3$ या $B < D < C$

अतः $A < B < D < C$

स्पष्ट है A को सबसे कम रुपये मिले।

76. एक व्यक्ति ने एक घर 5,00,000 रुपये में खरीदकर किराए पर दे दिया। वह प्रतिवर्ष कुल किराए का 12.5% मरम्मत आदि के लिए रखता है तथा 1660 रुपये प्रति वर्ष गृह कर देता है। इस प्रकार उसे प्रतिवर्ष अपनी लागत का 10% धन मिल जाता है। घर का मासिक किराया कितना है ?

(a) 2460 रु.

(b) 2500 रु.

(c) 4920 रु.

(d) 5000 रु.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना प्रतिवर्ष व्यक्ति को प्राप्त कुल किराया = x रु. है।

x का 12.5% मरम्मत पर तथा 1660 गृह कर देता है इस प्रकार उसे प्रतिवर्ष अपनी लागत का 10% धन मिल जाता है।

अर्थात 5,00,000 का 10% = x - [x का 12.5% + 1660]

$$50{,}000 = x - \frac{x}{8} - 1660$$

$$\frac{7x}{8} = 50{,}000 + 1600 = 51{,}660 \text{ रु.}$$

$$x = \frac{51660 \times 8}{7} = 59{,}040 \text{ रु.}$$

अतः व्यक्ति को प्रति वर्ष किराए के रूप में 59,040 रु. प्राप्त होते हैं तो

व्यक्ति का मासिक किराया = $\frac{59{,}040}{12} \Rightarrow 4{,}920$ रु.

77. एक छात्र को किसी भिन्न को 72 से गुणा करने के लिए कहा गया। त्रुटिवश इस छात्र ने इस भिन्न को 27 से गुणा कर दिया। इस प्रकार छात्र द्वारा प्राप्त उत्तर सही गुणनफल से 25 कम था। वह भिन्न क्या है?

(a) $\frac{9}{5}$ (b) $\frac{3}{5}$

(c) $\frac{5}{9}$ (d) $\frac{5}{7}$

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

प्रश्नानुसार माना भिन्न x है।

$\therefore \quad x \times 72 - x \times 27 = 25$

$x \times 45 = 25$

$\therefore \quad x = \frac{25}{45}$

$x = \frac{5}{9}$

अतः भिन्न 5/9 है।

78. वह बड़ी से बड़ी संख्या कौन-सी है जिससे 1661 तथा 2040 को भाग देने पर क्रमशः 10 तथा 8 शेष बचे ?

(a) 127 (b) 123

(c) 235 (d) 305

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

संख्या 1661 एवं 2040 में भाग देने पर क्रमशः शेष 10 एवं 8 बचता है-

$1661 - 10 = 1651$

$2040 - 8 = 2032$

अतः संख्या 1651 एवं 2032 का म.स.प. ही अभीष्ट संख्या होगी।

```
1651 ) 2032 (1
       1651
        381)1651(4
            1524
             127)381(3
                381
                ×××
```

अतः संख्या 127 से 1661 एवं 2040 में भाग देने पर क्रमशः शेष 10 एवं 8 बचेगा।

79. तीन व्यक्ति A, B और C का कुल वेतन रु. 144000 है। यह क्रमशः 80%, 85% तथा 75% खर्च करते हैं तथा इनके बचत का अनुपात 8: 9:20 है। C का वेतन कितना है?

(a) रु. 32000 (b) रु. 40000

(c) रु. 48000 (d) रु. 64000

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

माना तीन व्यक्ति A, B और C का वेतन x, y तथा z है।

$\therefore \quad x+y+z=144000 \quad$ (i)

तीनों के द्वारा 80%, 85%, 75% खर्च कर देने के बाद शेष राशि

$$= x\times\frac{100-80}{100}, y\times\frac{100-85}{100}, z\times\frac{(100-75)}{100}$$

$$= \frac{20x}{100}, \frac{15y}{100}, \frac{25z}{100}$$

प्रश्नानुसार

$$\frac{20x}{100}, \frac{15y}{100}, \frac{25z}{100} = 8:9:20$$

$$\therefore \quad \frac{20x}{100} = 8 \text{ या } x = \frac{100\times 8}{20} \Rightarrow 40$$

इसी प्रकार

$$y = \frac{100\times 9}{15} = 60$$

तथा $z = \frac{20\times 100}{25} = 80$

$\therefore$ C का वेतन = z

$\therefore$ C की धनराशि = $\frac{80\times 144000}{80+60+40}$

$$= \frac{80\times 144000}{180} \Rightarrow 64000 \text{ रुपये}$$

80. DQPVE : CROWD : : INVRF : ____?____


(a) HUOSE (b) UOSED

(c) HORSE (d) HOUSE


U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

जिस प्रकार



उसी प्रकार



81. 20 किमी./घंटा से गतिमान एक ट्रेन प्लेटफार्म को पार करने में 12 सेकंड का समय लेती है। वह विपरीत दिशा में 4 किमी./घंटा की चाल से गतिमान किसी व्यक्ति को पार करने में 6 सेकंड का समय लेती है। प्लेटफार्म की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(a) 40 मी. (b) $80\frac{1}{3}$ मी.

(c) 80 मी. (d) $26\frac{2}{3}$ मी.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

माना रेलगाड़ी की लंबाई a तथा प्लेटफार्म की लंबाई b है।

जब रेलगाड़ी प्लेटफार्म को पार करेगी तो रेलगाड़ी की चाल

$$= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$$

$$= \frac{\text{प्लेटफार्म की लंबाई + ट्रेन की लं.}}{\text{समय}}$$

$$\therefore \quad 20\times\frac{5}{18} = \frac{a+b}{12}$$

$$\therefore \frac{1200}{18} = a+b \text{ या } a+b = \frac{1200}{18} \quad \text{.....(i)}$$

पुनः व्यक्ति विपरीत दिशा में चल रहा है।

$\therefore$ आपेक्षित चाल = 20 + 4 = 24 किमी./घंटा

$$\therefore \quad 24\times\frac{5}{18} = \frac{9}{6}$$

$$a = 24\times\frac{5\times 6}{18} \Rightarrow 40 \text{ मी.}$$

$\therefore$ a का मान समी. (i) में रखने पर

$$40+b = \frac{1200}{18}$$

$$b = \frac{1200}{18} - 40$$

$$= \frac{1200-720}{18} = 26\frac{2}{3} \text{ मीटर}$$

82. दो संख्याओं का अनुपात 4 : 5 है। यदि बड़ी संख्या छोटी संख्या से 15 अधिक है, तो दोनों संख्याओं का गुणनफल होगा :

(a) 3500 (b) 3000

(c) 4500 (d) 4550

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना संख्याएं $4x$ और $5x$ है।

प्रश्नानुसार $5x - 4x = 15$

$x = 15$

$\therefore$ संख्याएं $= 4x, 5x$

$= 4 \times 15, 5 \times 15$

$= 60, 75$

$\therefore$ संख्याओं का गुणनफल $= 60 \times 75$

$= 4500$

द्वितीय विधि :

संख्याओं का गुणनफल

= अनुपात का गुणनफल × संख्या के अंतर का वर्ग

$= 4 \times 5 \times (15)^2$

$= 20 \times 225 \quad 4500$

83. A को एक निश्चित समय में 8 कि.मी. दूर एक स्थान पर पहुंचना है। यदि वह 3.75 कि.मी./घंटा की चाल से चलता है, तो गंतव्य स्थान पर 8 मिनट देर से पहुंचता है। गंतव्य स्थान पर निश्चित समय पर पहुंचने के लिए उसे किस चाल से चलना होगा ?

(a) 3.5 कि.मी./घंटा (b) 3.53 कि.मी./घंटा

(c) 4 कि.मी./घंटा (d) 4.25 कि.मी./घंटा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

दोनों चालों से लगे समय में अंतर = 8 मिनट

माना निश्चित समय पर पहुंचने के लिए A की चाल = x किमी./घंटा है।

चाल = दूरी/समय

$$\frac{8}{3.75} - \frac{8}{x} = \frac{8}{60}$$

$$\frac{8}{x} = \frac{8}{3.75} - \frac{8}{60}$$

$$\frac{8}{x} = 2.133 - 0.133$$

$$\frac{8}{x} = \frac{2}{1}$$

$$x = \frac{8}{2} \Rightarrow 4 \text{ किमी./घंटा}$$

84. एक मशीन अभी खरीदी गई है। इसके मूल्य में 10% वार्षिक दर से कमी आ जाती है। यदि तीन वर्ष बाद इसका मूल्य रु. 87480 हो, तो मशीन का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) रु. 1,200 (b) रु. 12,000

(c) रु. 1,20,000 (d) रु. 10,000

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना मशीन का क्रय मूल्य = x

प्रश्नानुसार

$$x \times \frac{(100-10)}{100} \times \frac{(100-10)}{100} \times \frac{(100-10)}{100} = 87480$$

$$x \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10} \times \frac{9}{10} = 87480$$

$$x = \frac{87480 \times 1000}{729} \Rightarrow 120000$$

85. एक साड़ी व्यापारी साड़ियों के अंकित मूल्य पर 5% डिस्काउंट देकर प्रत्येक साड़ी को 266 रु. में बेचता है। यदि उसने डिस्काउंट नहीं दिया होता, तो उसे 12% का लाभ होता। प्रत्येक साड़ी का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) **280 रु.** (b) **260 रु.**

(c) **240 रु.** (d) **250 रु.**

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

अंकित मूल्य पर 5% डिस्काउंट पर साड़ी का मूल्य = 266 रु. है तो

अंकित मूल्य $= 266 \times \frac{100}{95} = 266 \times \frac{20}{19} \Rightarrow 280$

यह अंकित मूल्य क्रय मूल्य का 112% है अर्थात क्रय मूल्य का 112%

= 280 रु. है

तो क्रय मूल्य का 100% अर्थात क्रय मूल्य $= \frac{280}{112} \times 100 = 250$ रु.

86. एक क्रिकेट खिलाड़ी की गेंदबाजी की औसत 24.85 रन प्रति विकेट थी। एक मैच में उसने 52 रन में 5 विकेट लेकर अपना औसत 0.85 रन प्रति विकेट कम कर लिया इस मैच के बाद उसकी कितनी विकटें थी ?

(a) 64 (b) 72

(c) 80 (d) 85

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

विकल्प विधि :

यदि इस मैच के पहले कुल 80 विकेट लिए तो कुल दिए गए रन

$= 24.85 \times 80 \Rightarrow 1988$

इस मैच में 52 रन देकर 5 विकेट लिए यानि इस मैच के बाद कुल विकटों की संख्या 85 तथा कुल दिए गए रन = 1988 + 52 = 2040

अब औसत $= \frac{2040}{85} \Rightarrow 24$ जो कि पूर्व के औसत से .85 (24.85-24) कम है।

अतः विकल्प (d) प्रश्न को संतुष्ट करता है।

87. एक व्यक्ति ने 90 घड़ियां खरीदी। इनमें से 40 घड़ियां 10% लाभ तथा 50 घड़ियां 20% लाभ पर बेच दीं। यदि वह सभी घड़ियां 15% लाभ पर बेचता तो उसे 40 रु. कम मिलते। प्रत्येक घड़ी का क्रय मूल्य कितना है ?

(a) 50 रु. (b) 60 रु.

(c) 80 रु. (d) 90 रु.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना 90 घड़ियों का क्रय मूल्य = 90 रु. हैं।

90

40 घड़ियों का 10% लाभ पर विक्रय मू. = 44 रु.

50 घड़ियों का 20% लाभ पर विक्रय मू. = 60 रु.

कुल प्राप्त मूल्य = $44 + 60 \Rightarrow 104$ रु.

यदि 90 घड़ियों को 15% लाभ पर बेचा जाए तो विक्रय मूल्य

$$= 90 \times \frac{115}{100} \Rightarrow 103.5 \text{ रु.}$$

अंतर = $104 - 103.5 \Rightarrow .5$ रु.

जबकि वास्तविक अंतर = 40 रु.

अत: .5 रु. का वास्तविक मूल्य = 40 रु. है

1 रु. अर्थात 1 घड़ी का वास्तविक क्रय मूल्य $= \frac{40}{.5} \times 1 \Rightarrow 80$ रु. होगा

द्वितीय विधि :

माना 40 घड़ियों का मूल्य $40x$ तथा 50 घड़ियों का मूल्य $50x$ रु. है।

$40x + 40x$ का $\frac{10}{100} \Rightarrow 44x$

$50x + 50x$ का $\frac{20}{100} \Rightarrow 60x$

$90x + 90x$ का $\frac{15}{100} = 103.5x$

$104x - 103.5x = 40$ रु.

$.5x = 40$ रु.

$x = \frac{40}{.5} \Rightarrow 80$ रु.

88. A अकेला एक कार्य को 20 दिन में समाप्त कर सकता है जबकि B अकेला इस कार्य को 25 दिन में समाप्त कर सकता है। यदि दोनों मिलकर 5 दिन कार्य करें तथा फिर B छोड़कर चला जाये, तो शेष कार्य को A अकेला कितने दिन में समाप्त कर सकेगा?

(a) 20 दिन (b) 9 दिन

(c) 25 दिन (d) 11 दिन

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

A का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{20}$

B का एक दिन का कार्य = $\frac{1}{25}$

माना शेष कार्य को A द्वारा समाप्त करने में लगा समय = t

$\therefore \quad \frac{5}{20} + \frac{5}{25} + \frac{t}{20} = 1$

$\therefore \quad \frac{1}{4} + \frac{1}{5} + \frac{t}{20} = 1$

$\therefore \quad \frac{t}{20} = 1 - \left(\frac{4+5}{20}\right)$

$\frac{t}{20} = \frac{11}{20}$

$\therefore \quad t = \frac{11 \times 20}{20} \Rightarrow 11$ दिन

89. एक पेंसिल का $\frac{1}{8}$ भाग काला है तथा शेष पेंसिल का $\frac{1}{2}$ भाग सफेद है। यदि शेष भाग नीला हो तथा इस नीले भाग की लंबाई $3\frac{1}{2}$ सेमी. हो, तो पेंसिल की कुल लंबाई क्या है?

(a) 6 सेमी. (b) 7 सेमी.

(c) 8 सेमी. (d) 11 सेमी.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

पेंसिल का काला भाग = $\frac{1}{8}$

$\therefore \quad$ शेष भाग $= 1 - \frac{1}{8} = \frac{7}{8}$

$\therefore \quad$ पेंसिल का सफेद भाग $= \frac{7}{8 \times 2} \Rightarrow$

$\therefore \quad$ पेंसिल का नीला भाग $= \frac{7}{8} - \frac{7}{16} = \frac{7}{16}$

प्रश्नानुसार,

$\frac{7}{16}$ भाग $= 3\frac{1}{2}$ सेमी.

$\frac{7}{16}$ भाग $= \frac{7}{2}$ सेमी.

$\therefore \quad 1$ भाग $= \frac{7}{2} \times \frac{16}{7}$ सेमी. $\Rightarrow 8$ सेमी.

$\therefore \quad$ पेंसिल की कुल लंबाई = 8 सेमी.

90. एक व्यक्ति किसी वस्तु को 20% लाभ पर बेचता है यदि वह उसे 20% कम में खरीदता तथा 5 रु. कम में बेचता, तो उसे 25% लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

(a) 20 रु. (b) 15 रु.

(c) 35 रु. (d) 25 रु.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

माना वस्तु का क्रय मूल्य x रु. है।

20% लाभ के पश्चात वस्तु का विक्रय मूल्य $= x + x$ का $\frac{20}{100} \Rightarrow \frac{6x}{5}$ रु.

20% कम में खरीदने पर वस्तु का मूल्य $= x - x$ का $\frac{20}{100} \Rightarrow \frac{4x}{5}$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{6x}{5} - 5 = \frac{4x}{5} + \frac{4x}{5} \text{ का } 25\%$$

$$\frac{6x - 25}{5} = \frac{4x}{5} + \frac{x}{5}$$

$$6x - 25 = 5x$$

$$6x - 5x = 25$$

$\therefore \quad x = 25$ रु.

91. A ने एक रेडियो B को 20% लाभ पर बेचा, B ने इसे C को 10% हानि पर बेच दिया तथा C ने इसे D को 5% लाभ पर बेच दिया। यदि D ने इसका मूल्य 1814.40 रु. दिया हो, तो A ने रेडियो कितने रुपये में खरीदा ?

(a) 1200 रु. (b) 1600 रु.

(c) 1800 रु. (d) 1500 रु.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

A का क्रय मूल्य $= 1814.40 \times \frac{100}{120} \times \frac{100}{90} \times \frac{100}{105} \Rightarrow 1600$ रु.

ध्यान दें :

A का क्रय मूल्य अर्थात पूर्व की राशि जानने के लिए वर्तमान राशि में क्रमशः $\frac{100}{120}, \frac{100}{90}$ एवं $\frac{100}{105}$ से गुणा करना होगा।

92. 110 मीटर लम्बी रेलगाड़ी अपने से विपरीत दिशा में 6 किमी/घंटा की चाल से भाग रहे व्यक्ति को 6 सेकंड में पार कर जाती है। इस रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(a) 54 किमी/घंटा (b) 60 किमी/घंटा

(c) 66 किमी/घंटा (d) 72 किमी/घंटा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

माना रेलगाड़ी की चाल x किमी./घंटा है

गाड़ी की आपेक्षित चाल (व्यक्ति के सापेक्ष) $= (x + 6)$ किमी./घंटा

$$= \left[(x+5) \times \frac{5}{18}\right] \text{ मी./से.}$$

कुल दूरी = 110 मीटर, समय = 6 सेकंड

चाल = दूरी/समय

$$(x+6) \times \frac{5}{18} = \frac{110}{6}$$

$$5x + 30 = \frac{110 \times 18}{6}$$

$$5x = 330 - 30$$

$$x = \frac{300}{5} \Rightarrow 60$$

93. एक व्यक्ति ने कुछ राशि साधारण ब्याज पर 6% प्रतिवर्ष की दर से निवेश की। तीन वर्ष के अंत में उसे बतौर ब्याज के 900 रु. मिले। यदि ब्याज को प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज पर रखा जाता है तो उसी राशि व ब्याज पर 3 वर्ष में वह कितना अधिक ब्याज अर्जित करता ?

(a) 38.13 रु. (b) 25.33 रु.

(c) 55.08 रु. (d) 35.30 रु.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

3 वर्ष का साधारण ब्याज = 900 रु. है

$$\text{सा. ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

$$900 = \frac{\text{मूलधन} \times 6 \times 3}{100}$$

$$\text{मूलधन} = \frac{900 \times 100}{6 \times 3} \Rightarrow 5{,}000 \text{ रु.}$$

अब मूलधन 5,000 रु. का इसी दर पर इतने ही समय का चक्रवृद्धि ब्याज

$$= 5000\left[\left(1 + \frac{6}{100}\right)^3 - 1\right]$$

$$= 5000\left[\frac{106}{100} \times \frac{106}{100} \times \frac{106}{100} - 1\right]$$

$$= 5955.08 - 5000 \Rightarrow 955.08 \text{ रु.}$$

अतः 3 वर्षों में साधारण ब्याज की अपेक्षा चक्रवृद्धि ब्याज पर

$= 955.08 - 900 \Rightarrow 55.08$ रु. अधिक प्राप्त होगा।

94. एक कार्यक्रम आयोजित करते समय पाया गया कि आयोजकों के पास 195 नीली तथा 143 लाल कुर्सियां हैं। आयोजक कितनी अधिकतम पंक्तियां बना सकता है ताकि हर एक पंक्ति में नीली कुर्सियों की संख्या और लाल कुर्सियों की संख्या बराबर हो?

(a) 15 (b) 11

(c) 13 (d) 8

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

नीली कुर्सी = 195

लाल कुर्सी = 143

∴ अधिकतम पंक्तियां बनाने के लिए संख्या 195 तथा 143 का म.स. लेने पर

$195 = \underline{13} \times 5 \times 3$

$143 = 11 \times \underline{13}$

∴ अभीष्ट पंक्तियों की संख्या = 13

95. संतोष का भाई विनोद संतोष से 525 दिन बड़ा है, जबकि संतोष की बहन रीना उससे 75 सप्ताह बड़ी है। यदि रीना का जन्म सोमवार को हुआ है तो संतोष का जन्म किस दिन हुआ है ?

(a) सोमवार (b) मंगलवार

(c) बुधवार (d) शुक्रवार

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

विनोद संतोष से 525 दिन बड़ा है अर्थात संतोष + 525 दिन = विनोद की आयु

रीना संतोष से 75 सप्ताह बड़ी है अर्थात

संतोष + (75 × 7) दिन = रीना

संतोष + 525 दिन = रीना की आयु

रीना का जन्म सोमवार को हुआ है तो संतोष का जन्म भी सोमवार होगा क्योंकि ठीक 75 सप्ताह पहले सोमवार का दिन ही पड़ेगा।

96. वह छोटी से छोटी संख्या कौन सी है जिसमें 7 जोड़ने पर प्राप्त संख्या 24, 32, 36 तथा 54 में से प्रत्येक से पूर्णतया विभक्त हो जाए?

(a) 867 (b) 857

(c) 4318 (d) 425

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

संख्या 24, 32, 36 तथा 54 का ल.स. लेने पर

2	24,	32,	36,	54,
2	12,	16,	18,	27,
2	6,	8,	9,	27,
3	3,	4,	9,	27,
3	1,	4,	3,	9,
3	1,	4,	1,	3,
4	1,	4,	1,	1
	1,	1,	1,	1

∴ अभीष्ट संख्या = 2×2×2×3×3×3×4 = 864

∴ प्रश्न में दिए गए कथन के अनुसार 7 जोड़ने पर पूर्णतया विभक्त होती है।

∴ अभीष्ट संख्या = 864 – 7 = 857

97. किसी संख्या तथा उसके $\frac{3}{5}$ वें भाग का अंतर 50 है। वह संख्या कौन-सी है?

(a) 75 (b) 100

(c) 125 (d) 150

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

माना संख्या x है

प्रश्नानुसार

$$x - \frac{3}{5}x = 50$$

$$\therefore \quad \frac{5x - 3x}{5} = 50$$

$$\frac{2x}{5} = 50$$

$$x = \frac{50 \times 5}{5} \Rightarrow 125$$

अतः संख्या 125 है।

98. किसी सांकेतिक भाषा में 'nee tin fu' का अर्थ 'how are you' तथा 'nee tin se' का अर्थ 'where are you' हो, तो where का कोड क्या होगा?

(a) se (b) fu

(c) nee (d) tin

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

सांकेतिक भाषा में

nee tin fu ⟶ how are you .....(i)

nee tin se ⟶ where are you ....(ii)

∴ सांकेतिक कोड से स्पष्ट है कि

se = where

99. $\frac{13}{15}, \frac{15}{17}, \frac{17}{19}$ तथा $\frac{19}{21}$ में से कौन-सी संख्या सबसे बड़ी है?

(a) $\frac{19}{21}$ (b) $\frac{13}{15}$

(c) $\frac{17}{19}$ (d) सभी बराबर हैं।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

$\frac{13}{15}=0.867, \frac{17}{19}=0.894, \frac{15}{17}=0.882$ तथा $\frac{19}{21}=0.904$

अतः स्पष्ट है कि संख्या सबसे बड़ी है।

द्वितीय विधि : प्रत्येक भिन्न में यदि अंश और हर का अंतर समान हो तो अंश की बड़ी संख्या सबसे बड़ी संख्या होगी।

100. एक वर्ग का क्षेत्रफल एक आयत के क्षेत्रफल का चार गुना है। आयत की लंबाई 25 सेमी है और चौड़ाई, लंबाई के $\frac{1}{5}$ से 1 कम है। वर्ग का परिमाप कितना है?

(a) 20 सेमी. (b) 50 सेमी.
(c) 80 सेमी. (d) 40 सेमी.

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

आयत की लंबाई = 25 सेमी.

∴ प्रश्न से चौड़ाई $25\times\frac{1}{5}-1=4$ सेमी.

∴ आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई
$=25\times4$
$=100$ सेमी.^{2}

∴ वर्ग का क्षेत्रफल = 4 × आयत का क्षेत्रफल
$=4\times100$
$=400$ सेमी^{2}

∴ वर्ग की भुजा $=\sqrt{400}$
$=20$ सेमी.

∴ वर्ग का परिमाप $=4\times20=80$ सेमी.

101. एक बाइट में कितने बिट्स होते हैं?

(a) तीस (b) पंद्रह
(c) आठ (d) चार

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

एक बाइट में आठ बिट्स होते हैं। कुछ प्रमुख मेमोरी माप (Memory measurement) निम्नवत हैं-

4 बिट्स = 1 निब्बल

8 बिट्स = 1 बाइट्स

1024 बाइट्स = 1 किलो बाइट (KB)

1024 किलो बाइट्स = 1 मेगा बाइट (MB)

1024 मेगा बाइट्स = 1 गीगा बाइट (GB)

1024 गीगा बाइट्स = 1 टेरा बाइट (TB)1

102. भूकंप की तीव्रता किस उपकरण द्वारा मापी जाती है?

(a) पोलीग्राफ
(b) हाइड्रोमीटर
(c) बैरोमीटर
(d) सिस्मोग्राफ

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

भूकंप की तीव्रता सिस्मोग्राफ उपकरण के द्वारा मापी जाती है जबकि पोलीग्राफ मशीन झूठ पकड़ने से, हाइड्रोमीटर आपेक्षिक घनत्व तथा बैरोमीटर वायुदाब से संबंधित उपकरण है।

103. अर्वाचीन काल में सर्वप्रथम किस जर्मन मनोवैज्ञानिक ने मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला बनवाई?

(a) कार्ल रोजर्स (b) विलियम वुण्ट
(c) फ्रायड (d) जुंग

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

अर्वाचीन काल में सर्वप्रथम विलियम वुण्ट नामक जर्मन मनोवैज्ञानिक ने मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला बनवाई। उन्हें अर्वाचीन (Modern) मनोविज्ञान का संस्थापक या पितामह भी कहा जाता है।

104. निम्नलिखित में से किसकी कमी से स्कर्वी रोग होता है?

(a) आयोडीन (b) विटामिन B
(c) विटामिन A (d) विटामिन C

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

स्कर्वी (Scurvy) रोग विटामिन C की कमी से होता है। विटामिन C का मुख्य कार्य मानव शरीर में कोलेजन (Collagen) के संश्लेषण के लिए आवश्यक है।

105. भा.दं.सं. [आई.पी.सी. (I.P.C.)] की धारा 376 नीचे दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

(a) दहेज मृत्यु (Dowry death)
(b) बलात्कार (Rape)
(c) हत्या (Murder)
(d) कन्या भ्रूण हत्या (Female Foeticide)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

भारतीय दंड संहिता की धारा 376 'बलात्संग (बलात्कार) के लिए दंड' से संबंधित है। धारा 375 में बलात्संग की 6 परिस्थितियों को बताया गया है जिनमें बलात्संग के अपराध का गठन होता है।

106. यू.एन. रिपोर्ट 2011 के अनुसार कौन-सा देश पांच साल से कम उम्र वाले शिशुओं की मृत्युदर में सबसे ऊपर है?

(a) चीन (b) बंगला देश

(c) पाकिस्तान (d) भारत

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

यू.एन. रिपोर्ट 2011 के अनुसार, पाकिस्तान पांच साल से कम उम्र वाले शिशुओं की मृत्युदर में सबसे ऊपर है। यू.एन. रिपोर्ट 2011 के अनुसार वर्ष 2010 में पांच साल से कम उम्र वाले शिशुओं की मृत्युदर चीन में 48, बांग्लादेश में 78, पाकिस्तान में 87 तथा भारत में 63 थी। शिशु मृत्यु की संख्या की दृष्टि से भारत का संपूर्ण विश्व में अग्रणी स्थान है।

107. यदि एक गतिशील कर्मचारी एक नौकरी से दूसरी नौकरी पूर्व निर्धारित तरीके से बदलता है, तो उसे कहते हैं :

(a) कार्य चक्रानुक्रम (Job Rotation)

(b) कार्य अभियांत्रिकी (Job re-engineering)

(c) कार्य मानचित्रण (Work Mapping)

(d) कार्य संवर्धन (Job Enrichment)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

यदि एक गतिशील कर्मचारी एक नौकरी से दूसरी नौकरी पूर्व निर्धारित तरीके से बदलता है, तो इसे कार्य चक्रानुक्रम (Job Rotation) कहते हैं।

108. 'बियर' (Bear) तथा 'बुल' (Bull) शब्दों का प्रयोग किस क्षेत्र में होता है?

(a) चिड़ियाघर (b) कृषि

(c) शेयर बाजार (d) पशुपालन

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

'बियर' (Bear) तथा 'बुल' (Bull) शब्दों का प्रयोग शेयर बाजार के क्षेत्र में होता है। शेयर बाजार से संबंधित अन्य शब्द हैं-'लेम डक' तथा 'स्टैग' इत्यादि।

109. बलात्कार संबंधी कानूनों को बदलने के लिए किस कमीशन को बनाया गया था?

(a) वर्मा कमीशन (b) रामास्वामी कमीशन

(c) महिला कमीशन (d) अल्पसंख्यक कमीशन

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

16 दिसंबर, 2013 को दिल्ली में हुई बलात्कार की नृशंस घटना के बाद न्यायमूर्ति जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया। इस समिति के गठन का उद्देश्य बलात्कार संबंधी कानूनों को बदलना या उनमें संशोधन करना था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट 29 दिनों में, 630 पन्नों में पूरी की।

110. भारत में आपातकाल की प्रथम घोषणा कब की गई?

(a) चीनी आक्रमण के समय (1962)

(b) पाकिस्तान आक्रमण के समय (1965)

(c) पाकिस्तान आक्रमण के समय (1973)

(d) इनमें से कोई नहीं

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

भारत में आपातकाल की प्रथम घोषणा भारत पर चीन द्वारा आक्रमण की स्थिति में की गई थी। सितंबर, 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया। 26 अक्टूबर को अनु. 352 के अंतर्गत तत्कालीन राष्ट्रपति ने यह उद्घोषणा की कि गंभीर आपात विद्यमान है जिससे बाह्य आक्रमण से भारत की सुरक्षा संकट में है। यह आपात-स्थिति 10 जनवरी, 1968 तक चली। वर्ष 1971 में जब पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया था तो आपात-स्थिति की पुनः घोषणा की गई थी। यह आपात-स्थिति मार्च, 1977 तक प्रवर्तन में रही।

111. वे दो देश जहां सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक है, वह हैं-

(a) श्रीलंका और नेपाल (b) पाकिस्तान और भूटान

(c) स्वीडन और फिनलैंड (d) साउथ अफ्रीका और मालद्वीप

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

स्वीडन और फिनलैंड में सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक है।

112. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद कानून के समक्ष समानता (Equality before law) को निर्धारित करता है?

(a) अनुच्छेद 14

(b) अनुच्छेद 19

(c) अनुच्छेद 32

(d) कोई भी उपरोक्त अनुच्छेद नहीं

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार, ''राज्य, भारत के राज्यक्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा''। शब्द-युग्म 'विधि के समक्ष समता' ब्रिटिश सामान्य विधि की देन है और इसके द्वारा राज्य पर यह बंधन लगाया गया है कि वह सभी व्यक्तियों के लिए एक-सी विधि बनाएगा तथा उन्हें एकसमान लागू करेगा। सर आइवर जेनिंग्स के अनुसार, इसका अर्थ यह है कि समान परिस्थितियों में सभी व्यक्तियों के साथ विधि का व्यवहार एक-सा होना चाहिए।

113. गोआ को भारत सरकार ने किस देश के हाथ से मुक्त कराया?

(a) फ्रांस (b) ब्रिटेन

(c) पुर्तगाल (d) जर्मनी

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

गोवा या गोआ क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है। पूरी दुनिया में गोवा अपने खूबसूरत समुंदर के किनारों और मशहूर स्थापत्य के लिए जाना जाता है। गोवा पहले पुर्तगाल का एक उपनिवेश था। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया और दिसंबर, 1961 में यह भारतीय प्रशासन को सौंपा गया।

114. भारत में तंबाकू के प्रचलन की शुरुआत किसने की?

(a) अंग्रेजों ने (b) इरानियों ने

(c) मुगलों ने (d) पुर्तगालियों ने

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

भारत में तंबाकू लाने का श्रेय पुर्तगाली नाविकों को जाता है, जो 16वीं सदी में अकबर के शासनकाल में इसे भारत लाए थे, किंतु भारत में तंबाकू की खेती की शुरुआत मुगल शासक जहांगीर के शासनकाल में हुई। जहांगीर के काल में तंबाकू की खेती पर कर आरोपित कर दिया गया, जिससे राजस्व में वृद्धि होने लगी।

115. निम्न में से कौन भारत को एक धर्म निरपेक्ष राज्य बनाता है?

(a) मूल अधिकार (b) नवीं अनुसूची

(c) निदेशक सिद्धांत (d) संविधान की प्रस्तावना

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

पंथ-निरपेक्ष' (धर्म निरपेक्ष) शब्द 42वें संविधान संशोधन द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया है। 'पंथ-निरपेक्ष' की धारणा संविधान में प्रयुक्त ''विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता'' की पदावली में पहले से ही अंतर्निहित थी। प्रस्तुत संशोधन द्वारा उसे स्पष्ट कर दिया गया है। 'पंथ-निरपेक्ष राज्य' से तात्पर्य ऐसे राज्य से है जो किसी विशेष धर्म को राजधर्म के रूप में मान्यता नहीं प्रदान करता है वरन् सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करता है और उन्हें समान संरक्षण प्रदान करता है। धर्म मानने, आचरण करने तथा प्रचार करने में प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र है।

116. डेसिबल इकाई है-

(a) ऊष्मा की तीव्रता की (b) ध्वनि की तीव्रता की

(c) प्रकाश की गति की (d) रेडियो तरंग की

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

डेसिबल (dB) ध्वनि की तीव्रता की इकाई है। यह एक विमाहीन राशि है।

117. हावर्ड गार्डनर की इंटरपर्सनल इंटेलीजेन्स (Interpersonal Intelligence) दूसरे व्यक्ति के सूक्ष्म पहलुओं को परखने की योग्यता का एक नमूना है। नीचे दिए गए विकल्पों में कौन सा विकल्प इसकी विशेषता नहीं बताता है?

(a) दूसरों के इरादों और इच्छाओं की खोज करना

(b) दूसरों के मूड को पढ़ना

(c) दो समान तत्वों में सूक्ष्म अंतर बनाना

(d) दूसरों के ज्ञान को सोच और व्यवहार के लिए इस्तेमाल करना।

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

अमेरिका के मनोविज्ञान विषयों के विख्यात लेखक एवं चिंतक हावर्ड गार्डनर ने 1943 में अपनी पुस्तक ''थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलीजेंस' में लिखा है कि प्रत्येक व्यक्ति में आठ तरह के इंटेलीजेंस होते हैं। इसके आधार पर हम दूसरों के इरादों और इच्छाओं को जान सकते हैं, दूसरों के मूड को पढ़ सकते हैं तथा दूसरों के ज्ञान को सोच और व्यवहार के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं, परंतु इसमें दो समान तत्वों में सूक्ष्म अंतर का विश्लेषण नहीं किया जाता।

118. हमारे राष्ट्रीय चिह्न के नीचे आदर्श वाक्य क्या है?

(a) सत्यं शिवम् (b) सत्यं शिवम् सुन्दरम्

(c) सत्यमेव जयते (d) जय हिन्द

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

हमारे राष्ट्रीय चिह्न के नीचे लिखा आदर्श वाक्य 'सत्यमेव जयते' है। इसे मुण्डकोपनिषद् से लिया गया है। मुण्डकोपनिषद् में सत्य के महत्त्व को बताने के लिए 'सत्यमेव जयते' शब्द-युग्म का प्रयोग किया गया है। भारत का राष्ट्रीय चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति है, जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। भारत सरकार ने इस चिह्न को 26 जनवरी, 1950 को अपनाया।

प्रश्न संख्या 119 से 121 तक के लिए निर्देश

इन प्रश्नों में तीन शब्द दिए गए हैं। पहले 2 शब्दों में कुछ संबंध हैं, वही संबंध अंतिम के दो शब्दों में होना चाहिए। सही शब्द का चयन कीजिए।

119. नौका : चप्पू : बस : ?

(a) सड़क (b) पहिया

(c) चालनचक्र (d) कुर्सी

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार नौका, चप्पू (पतवार का काम देने वाला डंडा चलाने से आगे बढ़ती है, उसी प्रकार बस, चालनचक्र (Steering) के घुमाने से आगे बढ़ेगी। अतः सही विकल्प बस के लिए चालनचक्र होगा।

120. शरीर : कंकाल : : ____?_____: व्याकरण

(a) भाषा (b) अर्थ

(c) विद्यालय (d) शिक्षक

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

जिस प्रकार शरीर में कंकाल होता है, उसी प्रकार भाषा में व्याकरण होता है।

121. किलिमंजारो : अफ्रीका : : ? : नेपाल

(a) नंदादेवी (b) कंचनजंगा


(c) के 2 (d) एवरेस्ट


U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014


उत्तर—(d)

किलिमंजारो, अफ्रीका की सर्वोच्च चोटी है उसी प्रकार एवरेस्ट, नेपाल की सर्वोच्च चोटी है।

122. कौन-सा चित्र नीचे दिए गए शृंखला का क्रम जारी रखेगा?



(a)  (b) 

(c)  (d) 

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

दी गई आकृतियों में उत्तरोत्तर घड़ी की दिशा में 45^{o} घूमकर विपरीत दिशा में पलटकर अगली आकृति बनाती है। इस क्रम के अनुसार आकृति चार 45^{o} घड़ी की दिशा में घूमकर पलटकर विकल्प (c) आकृति बनाती है।

प्रश्न संख्या 123 से 125 तक के लिए निर्देश

एक आयताकार लकड़ी का ब्लॉक है जिसकी लंबाई 6 सेमी., चौड़ाई 4 सेमी. और ऊंचाई 2 सेमी. है। दोनों ओर जिनका आयाम 4 सेमी. × 2 सेमी. है, नीले रंग से रंगे गए हैं। दोनों ओर जिनका आयाम 6 सेमी. × 2 सेमी. है, काले रंग से रंगे गए हैं। दोनों ओर जिनका आयाम 4 सेमी. × 6 सेमी. है, लाल रंग से रंगे गए हैं। इस ब्लॉक को इस प्रकार काटा गया है कि यह 1-1 सेमी. के बराबर छोटे घनों में परिवर्तित हो गए हैं।


123. कुल घनों की संख्या कितनी है ?

(a) 48 (b) 24

(c) 12 (d) 96

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)



आयताकार लकड़ी का ब्लॉक जिसकी ल. = 6 सेमी., चौ. = 4 सेमी. एवं ऊंचाई = 2 सेमी.है

घन का आयतन $= 6 \times 4 \times 2 = 48$ घन सेमी.।

यदि 1-1 सेमी. के बराबर छोटे घनों में काटा जाए तो घनों की संख्या

$$= \frac{48}{1 \times 1 \times 1} = \frac{48}{1} \Rightarrow 48$$ होगी।


124. ऐसे कितने घन होंगे, जिनकी तीन सतह रंगी हुई और तीन सतह बिना रंगी हुई हैं ?

(a) 4 (b) 24

(c) 8 (d) 16

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)



आयताकार लकड़ी के ब्लॉक चारों कोनों के ऊपर तथा नीचे की सतह तीन रंगों से रंगी होगी।

अतः तीन रंगों से रंगी हुई सतहों की संख्या $= 4 + 4 \Rightarrow 8$ होगी।

125. ऐसे कितने घन होंगे जिनकी केवल दो सतह रंगी है ?

(a) 32 (b) 24

(c) 8 (d) 16

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

आयताकार लकड़ी के ब्लॉक की केवल दो सतह रंगी होने की संख्या

$= 8 + 16 \Rightarrow 24$ होगी।

126. यदि किसी माह में तीसरे सोमवार को 17 तिथि है, तो इस माह में कौन-सा दिन है जो पांच बार आएगा?

(a) शनिवार (b) मंगलवार

(c) शुक्रवार (d) गुरुवार

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

तीसरे सोमवार को तारीख = 17

∴ दूसरे सोमवार को तारीख = 10

∴ प्रथम सोमवार को तारीख = 3

फरवरी माह को छोड़कर अन्य महीनों में 1 और 2 तारीख को पड़ने वाला दिन निश्चित तौर पर 5 बार आता है।

∴ 1 और 2 तारीख को दिन क्रमशः शनिवार और रविवार पड़ेगा।

अतः दिए गए विकल्प के अनुसार माह में पांच बार शनिवार अवश्य आएगा।

127. यदि आने वाले कल के दो दिन बाद शुक्रवार है तो बीते हुए कल के दो दिन पहले सप्ताह का कौन सा दिन था ?

(a) शनिवार (b) रविवार

(c) सोमवार (d) गुरुवार

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

यदि आने वाले कल के दो दिन बाद शुक्रवार है अर्थात आज सोमवार होगा बीते हुए कल यानि रविवार के दो दिन पहले (शनि, शुक्र) गुरुवार था।

128. किसी भाषा में ''कबूतर पक्षी है'' को 'ism blu fth' लिखा जाता है, ''बिल्ली भाग गई'' को 'clu doh lem' लिखा जाता है और 'बिल्ली पक्षी नहीं' को 'fth jkt lem' लिखा जाता है। ''कबूतर भाग नहीं'' को कैसे लिखा जायेगा?

(a) blu clu jkt (b) fth doh jkt

(c) blu lem sth (d) ism doh lem

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

सांकेतिक भाषा में

कबूतर [पक्षी] है → ism blu [fth]

(बिल्ली) भाग गई → clu doh (lem)

(बिल्ली) [पक्षी] नहीं → [fth] jkt (lem)

∴ नहीं = jkt

∴ कबूतर भाग नहीं = blu clu jkt

(∵ विकल्प से देखने पर blu cln jkt उपर्युक्त है)

प्रश्न संख्या 129 से 131 तक के लिए निर्देश :

दो वस्तुएं/घटनाएं अथवा विचार किसी न किसी रूप में एक दूसरे से संबंधित है। दिए गए विकल्पों के आधार पर आपको वही संबंध अन्य दो वस्तुओं, घटनाओं या विचारों से स्थापित करना है।

129. फल : छिलका : : बाघ :____?____

(a) शिकार (b) दांत

(c) पूंछ (d) बाघ-चर्म

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

जिस प्रकार फल के ऊपरी भाग को छिलका कहते है। उसी प्रकार बाघ के ऊपरी भाग को बाघ-चर्म कहते है।

130. 8 : 9 : : 64 : _____?_____

(a) 16 (b) 36

(c) 25 (d) 20

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार

$8 = 2^3$

तथा $9 = (2+1)^2 = 3^2 = 9$

उसी प्रकार

$64 = 4^3$

∴ $? = (4+1)^2$

$= 5^2 = 25$

131. प्रकाश : सूर्य : : ऊष्मा :_____?____

(a) बिजली (b) चन्द्रमा

(c) अग्नि (d) तारा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार प्रकाश का मुख्य स्रोत सूर्य है। उसी प्रकार ऊष्मा का मुख्य स्रोत अग्नि है।

132. निम्नलिखित शब्दों में केवल एक अक्षर जोड़ देने से प्रत्येक शब्द का अर्थ पूर्णतः बदल जाता है। वह अक्षर कौन-सा है?

INCH EAR AIR ALM

(a) T (b) R

(c) P (d) B

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)


दिए गए शब्द INCH, EAR, AIR, ALM में प्रारंभ में अक्षर P जोड़ने पर निम्न अक्षर बनेंगे अर्थात

PINCH, PEAR, PAIR, PALM

प्रश्न संख्या 133 से 135 तक के लिए निर्देश :

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में दी गई चार आकृतियों में से तीन एक गुण के आधार पर समान हैं और एक सर्वप्रकार से भिन्न है। उस भिन्न आकृति का चयन करो।

133.



(A) (B) (C) (D)

(a) A (b) B


(c) C (d) D

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)

विकल्प (A) को छोड़कर अन्य खींची गई रेखाएं वृत्त का व्यास है।

134.



(A) (B) (C) (D)

(a) A (b) B


(c) C (d) D

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

विकल्प (D) को छोड़कर अन्य विकल्प में दी गई आकृति चतुर्भजीय आकृति है।

135.



(A) (B) (C) (D)

(a) A (b) B

(c) C (d) D

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

विकल्प (d) को छोड़कर अन्य विकल्प में एक सीधी रेखा है। जबकि विकल्प (d) में दो रेखाएं है।

136. जिस तरह संसद ग्रेट ब्रिटेन से संबंधित है उसी तरह कांग्रेस संबंधित है?

(a) जापान से (b) इंडिया से

(c) यू.एस.ए. से (d) नीदरलैंड से

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार संसद ग्रेट ब्रिटेन से संबंधित है। उसी प्रकार कांग्रेस यू.एस.ए. से संबंधित है।

137. दिए हुए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।

गैराज : मोटरकार : : वायुयान :

(a) अड्डा (b) वर्कशॉप

(c) हैंगर (d) गोदी

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

जिस प्रकार मोटरकार गैराज में खड़ी होती है। उसी प्रकार वायुयान हैंगर में खड़ी होती है।

प्रश्न संख्या 138 से 139 तक के लिए निर्देश

निम्न में से असंगत का चयन कीजिए।

138. (a) गेहूं (b) ज्वार

(c) सरसों (d) बाजरा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

सरसों एक तिलहन फसल है जबकि गेहूं, ज्वार और बाजरा खाद्यान्न फसल हैं।

139. (a) मेंढ़क (b) मगरमच्छ

(c) मछली (d) कछुआ

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

मेढ़क, मगरमच्छ तथा कछुआ ये तीनों पानी तथा जमीन दोनों जगहों पर जीवित रह सकते हैं, जबकि मछली बिना जल के जीवित नहीं रह सकती है अतः ये दिए गए समूह से असंगत है।

140. दी गयी श्रृंखला में लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए।

1, 4, 9, 16, _____ ?

(a) 21 (b) 19

(c) 20 (d) 25

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

दी गई श्रृंखला निम्न है–

1 4 9 16 25

+3 +5 +7 +9

अतः लुप्त संख्या 25 है।

द्वितीय विधि : दी गई श्रृंखला की संख्याएं वर्ग संख्या है। अतः आगे की संख्या भी वर्ग संख्या होगी। अर्थात

1, 4, 9, 16, 25

$(1^2), (2^2), (3^2), (4^2), (5^2)$

प्रश्न संख्या 141 और 142 तक के लिए निर्देश :

दिए गए प्रश्नों में दिशा पहचानिए।

141. एक विद्युत रेलगाड़ी पूर्व दिशा में जा रही है, तो उसका धुंआ किस दिशा में जाएगा?

(a) पूर्व (b) पश्चिम

(c) दक्षिण (d) कोई भी नहीं

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

रेलगाड़ी एक विद्युत रेलगाड़ी है। अतः वह धुंआ नहीं देगी। इसलिए विकल्प (d) अभीष्ट उत्तर है।


142. राकेश अपने घर से 50 मी. दक्षिण की ओर गया। फिर वह बायी तरफ मुड़ा और 20 मी. आगे गया। तत्पश्चात उत्तर की तरफ मुड़ते हुए 30 मी. गया और अपने घर की तरफ लौटा। राकेश अब किस दिशा में घूम रहा है ?


(a) उत्तर पश्चिम (North-West) (b) उत्तर (North)

(c) दक्षिण (South) (d) पूर्व (East)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)





उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है राकेश अब अपने घर की तरफ लौटने के लिए उत्तर पश्चिम दिशा में जा रहा है।

प्रश्न संख्या 143 से 144 तक के लिए निर्देश

दिए गए प्रश्नों में संबंध पहचानिए।


143. A व B भाई हैं, C व D बहिन हैं। A का पुत्र D का भाई, B का C से क्या संबंध है ?

(a) पिता (b) भाई

(c) दादा (d) चाचा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)



अर्थात C, D का भाई

अतः B, C का चाचा है।


144. पार्क में खड़ी महिला की ओर इशारा करते हुए मोहन ने कहा वह मेरे दादा (grandfather) की अकेली संतान (पुत्री) की बेटी है। मोहन का संबंध उस महिला से क्या है ?

(a) भाई (b) चचेरा भाई

(c) पिता (d) चाचा/मामा

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(a)



अतः मोहन पार्क में खड़ी महिला का भाई है।

145. दिल्ली से गुड़गांव के लिए हर 40 मिनट पर एक बस चलती है। पूछताछ आफिसर ने बताया कि बस 10 मिनट पहले निकली है। दूसरी बस सुबह 10.45 पर निकलेगी। पूछताछ आफिसर ने यात्री को किस वक्त सूचना दी ?

(a) 10 : 05 (सुबह) (b) 9 : 55 (सुबह)

(c) 10 : 35 (सुबह) (d) 10 : 15 (सुबह)

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

दूसरी बस सुबह 10 : 45 पर निकलेगी अर्थात पहली बस के निकलने का समय = 10 : 45 – 40 : 00 ⇒ 10 : 05 (सुबह) पर निकली थी।

यात्री जब पूछताछ आफिसर से पूछा कि बस कब निकली है तब वह कहा कि बस 10 मिनट पहले अर्थात यात्री को पूछताछ आफिसर द्वारा दी गई सूचना का समय = 10 : 05 + : 10 = 10 : 15 (सुबह)

146. 5 और 6 के बीच किस समय घड़ी की दोनों सुईयां एक सीध में होंगी ?

(a) 5 बजकर $32\frac{3}{11}$ मिनट

(b) 5 बजकर $23\frac{8}{11}$ मिनट

(c) 5 बजकर $17\frac{3}{11}$ मिनट

(d) 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

5 और 6 के बीच घड़ी की दोनों सुई 25 मिनट के बाद ही एक दूसरे के साथ होंगी।

अतः दोनों सुइयों को एक साथ होने का समय $= \frac{60}{55} \times 25 \Rightarrow 27\frac{3}{11}$ मिनट

अर्थात 5 बजकर $27\frac{3}{11}$ मिनट पर दोनों सुइयां एक दूसरे के साथ होंगी।

147. DEF, JKL, GHI के बाद क्या होगा?


(a) PQR (b) ABC

(c) MNO (d) OPQ

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014


उत्तर—(c)

दी गई श्रृंखला निम्न है–



प्रश्न संख्या 148 और 149 के लिए निर्देश :

नीचे दिए गए प्रश्न निम्न आकृति पर आधारित है। इनमें वृत्त खिलाड़ियों को, त्रिभुज डॉक्टरों को एवं आयत कलाकारों को निरूपित करता है :



148. कौन-सा अक्षर खिलाड़ी के साथ केवल कलाकार को निरूपित करता है?

(a) D (b) F

(c) G (d) H

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(b)

खिलाड़ी तथा कलाकार को निरूपित करने वाला अक्षर F है। जो त्रिभुज अर्थात डॉक्टर से बाहर है। परंतु आयत तथा वृत्त में है।

149. कौन-सा अक्षर खिलाड़ी एवं कलाकार के साथ डॉक्टर को निरूपित करता है?

(a) B (b) C

(c) D (d) E

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

अक्षर E खिलाड़ी, कलाकार व डॉक्टर तीनों को दिखाता है।

150. तीस टॉफियों का वजन 20 ग्राम है, तो एक किलोग्राम में कितनी टॉफियां होंगी?

(a) 2000 (b) 2500

(c) 1000 (d) 1500

U.P.S.I. मुख्य परीक्षा, 2014

उत्तर—(d)

∵ 30 टॉफियों का वजन = 20 ग्राम

∴ 1 ग्राम में टॉफियों की संख्या $= \frac{30}{20}$

∴ 1 किलोग्राम में टॉफियों की संख्या $= \frac{30}{20} \times 1000 \Rightarrow 1500$

(∵ 1 किग्रा. = 1000 ग्राम)